वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2023

हाल ही में **टाइम्स हायर एजुकेशन (THE) रैंकिंग 2023** जारी की गई।

- इससे पहले [क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2023]() जारी की गई थी।

टाइम्स हायर एजुकेशन:

- टाइम्स हायर एजुकेशन जिसे पहले टाइम्स हायर एजुकेशन सप्लीमेंट (THES) के नाम से जाना जाता था, एक पत्रिका है जो विशेष रूप से उच्च शिक्षा से संबंधित खबरों और मुद्दों पर रिपोर्टिंग करती है।
- टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में 104 देशों और क्षेत्रों के 1,799 विश्वविद्यालय शामिल हैं, जो इसे अब तक की सबसे बड़ी और सबसे विविध विश्वविद्यालय रैंकिंग बनाते हैं।
- यह 13 प्रदर्शन संकेतकों पर आधारित है जो चार क्षेत्रों में संस्थान के प्रदर्शन को मापते हैं: शिक्षण, अनुसंधान, ज्ञान हस्तांतरण और अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण तथा दुनिया भर में छात्रों, शिक्षकों, सरकारों एवं उद्योग विशेषज्ञों द्वारा इस पर भरोसा किया जाता है।

रैंकिंग की मुख्य विशेषताएँ:

- **मापदंड:**
  - जिन मापदंडों के आधार पर संस्थानों को रैंक दी गई है, वे हैं शिक्षण (30%), अनुसंधान (30%), उद्धरण (30%), अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण (7.5%), और उद्योग परिणाम (2.5%)। शिक्षण एवं अनुसंधान में 15% वेटेज के प्रतिष्ठित सर्वेक्षण पर आधारित है।
- **वैश्विक शीर्ष प्रदर्शनकर्त्ता:**
  - **ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय** 104 देशों के 1,799 विश्वविद्यालयों में सर्वश्रेष्ठ संस्थान के रूप में उभरा है।
- **भारतीय संस्थान:**
  - **रैंकिंग**: वर्ष 2023 की रैंकिंग में 75 विश्वविद्यालयों के साथ भारत छठा सबसे प्रतिष्ठित प्रदर्शनकर्त्ता देश है।
    - **भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc)** शिक्षण और अनुसंधान के लिये अपने प्रदर्शन स्कोर हेतु भारतीय संस्थानों में **शीर्ष स्थान पर है।**
      - विश्व स्तर पर IISc को 251-300 बैंड में रखा गया है।
      - वर्ष 2022 रैंकिंग में भी IISc शीर्ष रैंकिंग वाला भारतीय संस्थान है।
    - भारतीय संस्थानों में दूसरा स्थान हिमाचल प्रदेश स्थित **शूलिनी यूनिवर्सिटी ऑफ बायोटेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट साइंसेज़** (कुल मिलाकर 351-400) का है, जिसकी पहली बार रैंकिंग की गई है।
      - IIT रोपड़ जो वर्ष [2022 रैंकिंग]() में दूसरा सर्वोच्च रैंकिंग वाला भारतीय संस्थान था, वह छठे स्थान पर है।
    - तीसरा स्थान पर तमिलनाडु का **अलगप्पा विश्वविद्यालय** है जो एक सार्वजनिक संस्थान है।
  - **IIT की प्रतिक्रिया:** पारदर्शिता की चिंताओं को लेकर अधिकांश **भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (IIT) द्वारा लगातार तीसरे वर्ष इसका बहिष्कार किया गया है।**
    - पिछली बार वर्ष 2019 में प्रमुख IIT ने रैंकिंग में भाग लिया था **जब IIT बॉम्बे और IIT दिल्ली को IIT रोपड़ एवं IIT इंदौर के पीछे 401-500 समग्र बैंड में रखा गया था।**

INDIAN UNIVERSITIES IN THE TOP 500

Institution	2023 Rank	2022 Rank	Change
Indian Institute of Science	251-300	301-350	up 1 group
JSS Academy of Higher Education and Research	351-400	351-400	no change
Shoolini University of Biotechnology and Management Sciences	351-400	NR	
Alagappa University	401-500	501-600	up 1 group
Mahatma Gandhi University	401-500	601-800	up 2 groups

संबंधित भारतीय पहल:

- **उत्कृष्ट संस्थान (IoE) योजना:** उत्कृष्ट संस्थान (IoE) योजना 20 संस्थानों (सार्वजनिक क्षेत्र से 10 और निजी क्षेत्र से 10) को विश्व स्तरीय शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थानों के रूप में स्थापित करने या अपग्रेड करने के लिये नियामक संरचना प्रदान करने हेतु एक सरकारी योजना है जिसे 'उत्कृष्ट संस्थान' कहा जाता है।
- **राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020:** राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 का उद्देश्य भारतीय शिक्षा प्रणाली में स्कूल से लेकर कॉलेज तक कई बदलाव लाना है और भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाना है।
- **इंपैक्टिंग रिसर्च इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी (IMPRINT):** इंपैक्टिंग रिसर्च इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी (IMPRINT) एक **नई शिक्षा नीति** विकसित करने और प्रमुख इंजीनियरिंग तथा प्रौद्योगिकी समस्याओं को हल करने हेतु अनुसंधान के लिये रोडमैप विकसित करने के उद्देश्य से अपनी तरह का पहला IIT एवं IISc संयुक्त पहल है। जो समावेशी विकास और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में राष्ट्र को सक्षम, सशक्त व प्रोत्साहित करने हेतु भारत को चुनौतियों का सामना करने और उन्हें अग्रणी बनाने का कार्य करेगा।
- **उच्चतर आविष्कार योजना (UAY):** उच्चतर आविष्कार योजना (UAY) की घोषणा एक उच्च क्रम के नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी, जो सीधे उद्योग की ज़रूरतों को प्रभावित करती है और इस तरह भारतीय विनिर्माण की प्रतिस्पर्द्धात्मक बढ़त में सुधार करती है।

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/the-world-university-rankings-2023